तापमान

अधिकतम 39.6 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री


हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 21 जून 2026


13 घर में शांति रहेगी सोचकर भेजा था संगीत क्लास ...



16 नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह ...










## खबर संक्षेप

### सड़क पर खतरनाक स्टंट करने वाले पर कार्रवाई



**भिलाई।** सड़क पर खतरनाक स्टंट कर सोशल मीडियो में वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि वाट्सअप सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो मिला था। जिसमें स्मार्ट बच्चा कृष्णा नगर, मिनीमाता चौक, भिलाई निवासी युवराज सोनी नामक आईडी से युवक बिना नंबर की बाइक को सार्वजनिक सड़क पर तेज गति, लापरवाही एवं खतरनाक ढंग से चला कर स्टंट करते देखा गया। पुलिस ने खोजबीन कर वीडियो की जांच करर शिनाख्त किया। युवक का नाम युवराज सोनी बताया गया। जांच में यह भी पाया गया कि यवराज सदर क्षेत्र में बाइक से स्टंट कर राहगीरों को भयभीत किया जा रहा था। आरोपी विवाद और झगड़ा करने पर आमादा हो गया।

### छात्र ने लगाई फांसी मिला सुसायडल नोट

**भिलाई।** कॉलेज छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि कल्याण कॉलेज का छात्र दीपांशु वर्मा 22 वर्ष की लाश सेक्टर 4 स्थित बीएसपी स्कूल परिसर में फंदा पर लटका मिला। उक्त स्कूल बीते दस वर्षो से बंद पड़ा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से पुलिस को एक सुसायडल नोट भी मिला है। जिसमें लिखा है कि मुझसे नफरत करने के लिए धन्यवाद। लेकिन सुसायडल नोट में मृतक ने किसी का नाम नहीं लिखा हुआ है। मृतक के पिता बीएसपी में कार्यरत है। परिजनों के मुताबिक दीपांशु घर से निकलने से पहले अपनी मां से 100 रुपए मांगे थे। उस समय मां नींद में थी और उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद वह घर से निकल गया। लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटा था। परिजनों ने उसकी तलाश करना शुरु कर दिया। परिवार को अंदाजा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगा। सुसाइड नोट को लेकर पुलिस सभी पहलूओं की जांच कर रही है। थाना प्रभारी प्रकाशकांत ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से सुसायडल नोट भी मिला है। घर से शाम को निकला था। जांच किया जा रहा है।

### फिटनेस सेंटरों में धड़ल्ले से तोड़ा जा रहा नियमों को, परिवहन विभाग करेगा जांच

# हाई सिक्योरिटी नंबर की जगह सामान्य नंबरों की गाड़ियों का हो रहा था फिटनेस, सेंटर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

परिवहन विभाग के कचांदुर में संचालित ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। लाखों की शुल्क चोरी के साथ वसूली की शिकायत के बाद हुई प्रारंभिक जांच में फिटनेस सेंटर में हाई सिक्योरिटी नंबरों की जगह समान्य गाड़ियों के भी फिटनेस का मामला सामने आया है। इसके बाद सचिव और परिवहन आयुक्त एस प्रकाश के निर्देश पर ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर को आगामी आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। खास बात यह है कि सेंटर के बंद होने से लोगों को फिटनेस के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्ग के अलावा बेमेतरा, कवर्धा और कांकेर जिले के वाहन मालिक फिटनेस के लिए चक्कर काट रहे हैं। दुर्ग पहुंचने वाले वाहनों को राजनांदगांव और रायपुर भेजा जा रहा है। इधर आरटीओ ने दुर्ग के अलावा राजनांदगांव के फिटनेस सेंटर में भी जांच का दायरा बढ़ाया है। बता दें कि पिछले दिनों परिवहन आयुक्त एवं सचिव एस प्रकाश ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में राजस्व वसूली, बस संचालन और सुरक्षा मानकों को लेकर बेहद कड़े तेवर दिखाए। दुर्ग जिले में संचालित आटोमेटेड फिटनेस सेंटर द्वारा अवैधानिक तरीके से फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी फिटनेस सेंटर, वेंडरों और वाहन मालिकों के खिलाफ तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन पर एफआइआर दर्ज कराने तक का आदेश दिया गया। इसके अलावा सभी आरटीओ और डीटीओ को सख्त हिदायत दी गई कि वे तत्काल प्रभाव से अपने पदस्थापना मुख्यालय में रहकर ही विभागीय कार्यों का संपादन करेंगे।



#### गलत फिटनेस जारी करने पर हुई कार्रवाई

गलत फिटनेस जारी करने के दुर्ग सेंटर को आगामी आदेश पर्यन्त सस्पेंड किया गया है। हाई सिक्योरिटी नंबर के ही फिटनेस जारी होने हैं, लेकिन सेंटर से पुराने वाहनों के भी फिटनेस जारी हो गए थे। इसलिए कार्रवाई की गई। शासन के निर्देश पर भारी वाहनों और यात्री बसों की नियमित जांच की जा रही है।

**मृत्युंजय पटेल**, आरटीओ दुर्ग

### लक्जरी बसों में चल रहा बड़ा खेल, कार्रवाई की तैयारी

जानकारी के मुताबिक लंबे समय से आरटीओ के कुछ अधिकारी और कर्मचारियों के सहयोग से लक्जरी यात्री बसों की आड़ में बड़ा खेल चल रहा है। निर्धारित गाइडलाइन को ताक पर रखकर ऐसी यात्री बसों का पूरा स्वरूप ही बदल दिया जा रहा है। ऊंचाई, लंबाई और अंदर की एसेसरीज सब कुछ बदल दिया जा रहा है। इसके एवज में महीने से अतिरिक्त चार्ज लिया जा रहा है। अब परिवहन विभाग ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करेगा। इसके अलावा परमिट लेकर बस नहीं चलाने वालों पर भी कार्रवाई होगी। बकाया वसूली अभियान भी चलेगा।

### परमिट वाले समय पर ही यात्री बसों का परिचालन

बुधवार को हुई इस बैठक बैठक में आरटीओ, बस संचालक संघ और वाहन डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में कहा गया कि आरटीओ और डीटीओ अब मुख्यालय छोड़ नहीं सकेंगे। सभी क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने पदस्थापना मुख्यालय में रहकर ही काम करने के निर्देश दिए गए। वाहनों पर बकाया कर वसूलने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही जांच चौकियों और फ्लाइंग स्क्वॉड को बकायादार वाहनों की लिस्ट दी जाएगी। बस स्टैंडों पर बसों की रोजाना मॉनिटरिंग होगी। बस ऑपरेटरों द्वारा समय सारिणी तोड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परमिट लेकर भी बस न चलाने वाले संचालकों के परमिट निरस्त होंगे, ताकि नए आवेदकों को मौका मिले। बिना उपयोग खड़ी निजी बसों की जांच होगी।

### अवैध फिटनेस देने वाले सेंटरों पर होगी कार्रवाई, दिए निर्देश

अधिकारियों ने बताया कि अब अवैध फिटनेस देने वाले सेंटरों पर कार्रवाई होगी। दुर्ग के ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर द्वारा अवैध फिटनेस देने पर सेंटर, वाहन मालिक और वेंडरों पर कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए गए हैं। लग्जरी बसों में ज्वलनशील पदार्थ, अवैध सामान या ओवरलोडिंग मिलने पर जब्ती और एफआईआर होगी। ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट सिर्फ आरटीओ या अधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में परिवहन कार्यालय के भीतर ही होगा। नए वाहनों के पंजीयन और यूज्ड कार नामांतरण की प्रक्रिया सरल होगी। डीलर्स को ट्रेड सर्टिफिकेट और सर्विस सेंटर के नियम मानने होंगे। ई-चालान की प्रक्रिया भी आसान होगी।



## लोहे का सेंट्रिंग प्लेट चोरी कर मारपीट करने वाले धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ कैलाश नगर स्थित प्लाट से जब्त की गई लोहे की प्लेट

लोहे का सेंट्रिंग प्लेट चोरी कर मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रमोद तिवारी ने पुलिस में शिकायत किया कि कैलाश नगर स्थित प्लाट से लोहे का सेंट्रिंग प्लेट पार हो गए। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए थी। पुलिस ने जांच शुरु कर मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अटल आवास, जवाहर नगर, वैशाली नगर निवासी रूपेश निषाद उर्फ रूपा, अशोक यादव को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने 50 हजार रुपए का सेंट्रिंग प्लेट जब्त किया गया। पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।






# बारिश नहीं होने से किसान नहीं कर पा रहे बोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**आज एलो एलर्ट : पारा सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा**

प्री मानसून बारिश नहीं होने से जिले के किसान बोनी शुरू नहीं कर पा रहे हैं। पिछले साल जून की शुरूआत में ही किसानों ने बोनी शुरू कर दी थी। प्री मानसून सीजन 1 जून से हर साल शुरू हो जाती है लेकिन इस बार 20 जून हो गए हैं और बारिश ही नहीं हो पाई है। हर दिन किसान आसमान की ओर इस उम्मीद से तांक रहे हैं कि अच्छी बारिश होगी तो खेती-किसानी शुरू कर पाएंगे। मौसम विभाग ने जिस हिसाब से मानसून ब्रेक की जानकारी दे रहा है उससे किसानों में घोर निराशा है। इधर मौसम विभाग ने 21 जून को एलो एलर्ट जारी किया है।



### पारा सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक

मौसम विभाग ने शनिवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है।यह सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा है। जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस माइनस रहा। तापमान बढ़ने से उमसभरी गर्मी भी बढ़ गई है। शनिवार को पूरे दिन तेज धूप निकली रही। शाम तक ऐसा ही वातावरण निर्मित रहा। जिसकी वजह से लोगों को भीषण गर्मी झेलना पड़ रहा है।

### 23 जून को मानसून छग के कुछ हिस्सों में बढ़ेगा

मौसम विभाग के मुताबिक प्री मानसून पर ब्रेक की स्थिति बनी हुई है। 23 जून के आसपास में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थिति अनुकूल बन रही है। अगले 5 दिनों तक गरज- चमक के साथ वज्रपात तथा इल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। इसके बाद किसानी कार्य में तेजी आएगी।

### पारा और बढ़ेगा

मौसम विभाग के मुताबिक एक-दो स्थानों पर इसकी से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ तेज हवा(40-50 प्रति किलोमीटर प्रति घंटे) चलने की संभावना है। 21 जून को आंशिक वर्षा व गरज चमक या अंधड़ चलने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 40 डिग्री और 27 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
### पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों से 12वीं के उपरांतों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) मॉस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपपेज हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी असिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल इंगग | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| नवापारा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोण्डागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनुसूचित जाति 40%, अनुसूचित जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक

**दिव्यांगों सैनिक/स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।**

**नोट :-**

1. आवेदन निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरें। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा प्राप्त तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं वे अपने परिणाम की ऑनलाइन प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं।
3. स्थानीय उम्मीदवारों को सीटें मैरिट द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंन्सलिंग के लिए पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
6. प्रवेश केवल निर्धारित प्रक्रिया (काउंसलिंग) द्वारा होगा। किसी भी प्रकार का सीधा प्रवेश अवैध/अमान्य है।

**डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10/07/2026 तक     कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 31/07/2026 तक**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, महिन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास संजीवनी हॉस्पिटल गोबरा नवापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन- 493881
महोदय,
(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं?
1. आवेदक का नाम.................................2. पिता/पति.................................
3. जन्म तिथि अंकों में...........................4 वर्ग :- अनुसू. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता- ग्राम.............................पोस्ट.............................तहसील.............................
.............................जिला.............................पिन कोड [ ]
मो. नं. 1.............................मो. नं. 2.............................वाट्सअप नं.............................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं.............................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881**
NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक- 36989







## काम के दौरान झुलसे युवक की से-9 हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत

**भिलाई।** पाइप बनाने वाली कंपनी में काम के समय गंभीर रूप से झुलसे युवक की सेक्टर-9 हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम गोरख यादव (35 वर्ष) बताया गया है। वह टेडेसरा स्थित पीएस स्टील कंपनी में काम करता था। वहीं क्वार्टर में निवास करता था। शनिवार को मौत के बाद दोपहर करीब 1 बजे परिजन कोतवाली थाना भिलाई पहुंचे, जहां फैक्ट्री संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की। इसके बाद करीब 4 लाख रुपए का मुआवजा फैक्ट्री संचालक ने दिया। इधर कोतवाली पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक टेडेसरा राजनांदगांव में स्थित पीएस स्टील में कार्यरत कर्मी गोरख यादव 16 जून को काम करते हुए अचानक जल गया था। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल सेक्टर 9 लाया गया था। जहां उपचार के बाद मौत हो गया। मृतक विवाहित था उसके दो बच्चे भी है। कर्मी गोरख कंपनी द्वारा दिए गए मकान में टेडेसरा में ही रहता था। घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे थे। कर्मी करे मौत के बाद भिलाई नगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बताया जा रहा है की पीएस स्टील में कर्मी बीते 8 वर्षो से कार्यरत था। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।





# विश्व योग दिवस



## स्वस्थ जीवन और संतुलित मन का आधार

## योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली जीवन पद्धति है

हर वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन योग आज पूरी दुनिया में स्वस्थ जीवनशैली का पर्याय बन चुका है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव और असंतुलित दिनचर्या के बीच योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। यही कारण है कि आज करोड़ों लोग अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल कर रहे हैं।

### योग क्या है?

योग संस्कृत शब्द युज से बना है, जिसका अर्थ है जोड़ना या एकीकृत करना। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का माध्यम है। यह केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण कला है।

### विश्व योग दिवस का महत्व

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। 21 जून वर्ष का सबसे लंबा दिन (ग्रीष्म अयनांत) होता है, जिसका विशेष आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। भारत के प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।









## योग के प्रमुख लाभ

### शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार

शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है।
मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूती देता है।
रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है।

### मानसिक तनाव से राहत

तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में सहायक।
मन को शांत और एकाग्र बनाता है।
सकारात्मक सोच विकसित करता है।

### जीवनशैली संबंधी रोगों से बचाव

मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के खतरे को कम करता है।
मोटापे को नियंत्रित करने में मदद करता है।

### बेहतर एकाग्रता और कार्यक्षमता

विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों की एकाग्रता बढ़ाता है।
निर्णय लेने की क्षमता में सुधार करता है।

### योग और आधुनिक जीवन

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग तनावमुक्त जीवन का प्रभावी उपाय है।
डिजिटल युग में बढ़ती मानसिक समस्याओं के बीच योग संतुलन और आत्मविश्वास प्रदान करता है।
नियमित योग अभ्यास व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

### विश्व योग दिवस 2026 की प्रासंगिकता

योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। यह दिन स्वस्थ भारत और स्वस्थ विश्व के संकल्प को मजबूत करने का अवसर है।

**योग भारत की वह प्राचीन धरोहर है, जिसने पूरी दुनिया को स्वस्थ और संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है। विश्व योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और बेहतर भविष्य की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। यदि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए, तो व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेगा, बल्कि मानसिक रूप से भी अधिक सशक्त और सकारात्मक बन सकेगा।**









































# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 21 जून 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


लाइव इवेंट

## शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने डोनेट किया 34 यूनिट ब्लड



**भिलाई।** शनिवार को भिलाई नायर समाज इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-8 भिलाई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल की प्राचार्या वसुंधरा सरीपल्ली सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं और स्टाफ ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में 34 यूनिट ब्लड जिला चिकित्सालय दुर्ग को प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम, अस्पताल सलाहकार डॉ. ओम प्रकाश वर्मा, काउंसलर टीएस एंथोनी, नर्स तरूणा रावत, सिनियर लैब टेक्नीशियन महेन्द्र चंद्राकर, तीरथ यादव, सूरज कुर्रे, निधी चंद्राकर, हिमांशु चंद्राकर, अशोक मानिकपुरी मौजूद थे। सभी ने रक्त दाओं को साधुवाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



● 9 साल की उम्र में शुरू किया गायन, वायलिन ने दी नई पहचान, विश्व संगीत दिवस पर 84 वर्षीय पं कीर्ति माधव व्यास से विशेष बातचीत

# घर में शांति रहेगी सोचकर भेजा था संगीत क्लास आज 4 पीढ़ियों की थाती बना वायलिन और संगीत

संगीता मिश्रा ▸▸| भिलाई

रायपुर विश्व संगीत दिवस 21 जून पर जब दुनिया सुरों का जश्न मना रही है, तब भिलाई की वायलिन वादक पं. कीर्ति व्यास की कहानी सबको चौंका देती है। संगीत की एक ऐसी विरासत जिसकी नींव 'घर में शांति' की चाहत ने रखी थी। यह कहानी है 84 वर्षीय वायलिन वादक पं कीर्ति माधवलाल व्यास की, जिनके परिवार की चौथी पीढ़ी भी आज वाद्य यंत्रों को अपनी सांसों में बसा रही है।

संगीत की कला मां से बेटे पं कीर्ति व्यास और उनके भाई, पं कीर्ति की 3 बेटियों में उसके बाद उनकी नातिनों में संगीत पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है।पं कीर्ति व्यास बताते हैं, 9 साल की उम्र थी। घर के पास संगीत विद्यालय था। मम्मी-पापा ने सोचा दो घंटे घर में शांति रहेगी, तो मुझे और 13 साल के बड़े भैया को वहां भर्ती कर दिया। तब किसे पता था कि यहीं से संगीत घराने की शुरुआत होगी। वो शांति साधना बन गई। कीर्ति व्यास ने गायन से शुरुआत कर वायलिन को अपना साथी बनाया। उनके गुरु पं. गुणवंत माधव लाल व्यास छत्तीसगढ़ के संगीत जगत का बड़ा नाम बने। उन्होंने बताया कि 13-14 साल की उम्र में जब उनको गाना गेने में दिकक्त शुरु हुई तो उनके गुरु ने उस दौरान वायलिन लाकर दिया और सिखाया, उस समय में वायलिन कम प्रचलन में था, उसे बस आकाशवाणी या दूरदर्शन में ही सुना जाता था। कीर्ती ने संगीत को तपस्या माकर साधना की और आज उसी के दम पर उन्हें छत्तीसगढ़ राज्योत्व 2025 में सीएम के हाथों राज्य अलंकरण चक्रधर सम्मान से नवाजा गया।

भिलाई के बीएसपी स्कूल में संगीत शिक्षक की नौकरी करते हुए 1974 में पं कीर्ती और उनके दोस्त ने सेक्टर 6 भिलाई में पहला संगीत विद्यालय जैन समाज के सहयोग से शुरु किया,जो आज महाविद्यालय के रुप में सैकड़ो लोगों को संगीत की शिक्षा दे रहे हैं जहां से कला प्रेमी देश-विदेश में भी भारतीय संगीत का परचम लहरा रहे है।



पहली पीढ़ी पं कीर्ति माधव व्यास की मां ने बच्चों को संगीत से जोड़ा। दूसरी पीढ़ी कीर्ति व्यास और भाई पं. गुणवंत माधव लाल व्यास के सानिध्य में संगीत सीखा। तीसरी पीढ़ी कीर्ति व्यास की तीनों बेटियां भी वाद्य यंत्रों में पारंगत हुईं। चौथी पीढ़ी अब नातिनें भी नाना और मम्मी से वायलिन के सुर सीख रही हैं। 84 साल की उम्र में भी कीर्ति व्यास रोज रियाज करते हैं। वे कहतें हैं कि संगीत उम्र नहीं देखता। जब तक सांस है, सुर है। आज वे सैकड़ों बच्चों को निशुल्क संगीत सिखाते हैं। विश्व संगीत दिवस पर युवाओं के लिए उनका संदेश है संगीत सिर्फ कला नहीं, संस्कार है। संगीत को शौख न मानकर अपनी तपस्या से साधना करनी पड़ती है और युवा अपना कर्तव्य मानकर इसे अगली पीढ़ी तक जरुर पहुंचाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर कर संगीत से जोड़िए। ये शांति भी देगा और पीढ़ियों तक पहचान भी।



पं कीर्ति व्यास ने बताया कि बचपन से लेकर अभी तक गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुआ संगीत की साधना की है। अब तक उन्होंने देश के सभी महानगरों सहित 200 शहरों में अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। उन्होंने जानकारी देते हुआ बताया कि वायलेन की आवाज छत्तीसगढ़ का पारंपरिक वादयंत्र चिकारा से मिलता है





लाइव इवेंट

## योग के साथ प्राकृतिक चिकित्सा और पंचकर्म का भी लोगों ने लिया लाभ



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोकांगन वैशाली नगर भिलाई में आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क योग स्वास्थ्य शिविर का चौथे दिन शनिवार अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं जनसहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता करते हुए योग, प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परामर्श का लाभ प्राप्त किया।दीप प्रज्ज्वलन में मुख्य रूप से मनोरमा पाण्डेय, यशोधरा साहू, श्रीनिवास राव एवं शत्रुघ्न साहू उपस्थित रहे। शिविर का संचालन विधायक रिकेश सेन के साथ नरेन्द्र पटेल एवं शंभू प्रसाद कुशवाहा द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने जानकारी दी कि पतंजलि योग समिति के अनुभवी प्रशिक्षक आगामी 21 जून को 50 से अधिक स्थानों पर सरकारी, गैर-सरकारी एवं सामाजिक संस्थाओं में निःशुल्क योग प्रशिक्षण प्रदान करेंगे तथा जन-जन तक योग का संदेश पहुंचाएंगे। इस अवसर पर अनूप बंसल ने हुए कहा कि आने वाले समय में वैशाली नगर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित योग शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक नागरिकों को योग एवं स्वस्थ जीवन शैली से जोड़ा जाएगा। शिविर के दौरान प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म एवं स्वास्थ्य परामर्श की विशेष सेवाएं भी निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस सेवा कार्य में बलवंत सिंह, राजेंद्र पाटिल, तिजाऊ राम साहू, उद्धव राम साहू , संदीप गुप्ता, सुमन भारती, अनामिका पुरी, शैली एवं मोहिनी साहू सहित अनेक समर्पित कार्यकर्ता सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। विशेष रूप से पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार से पधारे प्रमुख आयुर्वेदाचार्य डॉ. सूर्या वैष्णव द्वारा विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिसका लाभ बड़ी संख्या में साधकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्राप्त किया। आयोजकों ने जानकारी दी कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में इस शिविर के दौरान सेवाएं प्रदान करने वाले प्रमुख आयुर्वेदाचार्यों, प्राकृतिक चिकित्सकों, थैरेपिस्टों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं सहित विशेष रूप से डॉ. सूर्या वैष्णव, थैरेपिस्ट मोहिनी साहू सहित सभी सेवाभावी कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## विद्यार्थियों ने किया योग प्रदर्शन, योगाभ्यास से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



**भिलाई।** विश्व योग दिवस के अवसर पर पुरानी बस्ती कोहका स्थित सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिन पूर्व आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत योग के महत्व और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया। बच्चों ने अनुशासन और एकाग्रता के साथ योग कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। स्कूल परिसर में आयोजित इस आयोजन में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## बेटी और बेटा दोनों को दें समान अधिकार



**भिलाई।** केंद्रीय गोडंमहासभा धमधागढ़ में त्रिमूर्ति महामाई का आयोजन हुआ। इसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम, खैरागढ़ के राजा, गंडई के राजा, केन्द्रीय गोंड महासभा धमधा गढ़ के अध्यक्ष कमलेश धुर्वे सोरी और पाली तानाखार के विधायक तुलेशवर मरकाम उपस्थित थे।

त्रिमूर्ति महामाई धमधागढ़ के कुल देवी देवता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अतिथियों ने समाज को शिक्षित करने और बेटी और बेटा दोनों को समान अधिकार देने, फिजूलखर्ची कम करने, सामुहिक विवाह कराने और ज्यादा से ज्यादा अपनी रीति रिवाज के अनुसार विवाह व पूजा पाठ करने की बात कही। इस दौरान बताया गया कि जनगणना में जाति और गोंड भाषा गोंडी व धर्म गोंडी का उल्लेख करें। सभी धमधागढ़ के नियमों का पालन करें और उसके अनुसार चले। समाज में जो बच्चे प्रतिभावान और आर्थिक रूप से कमजोर है उसे सहयोगकर उच्च शिक्षा दिलाने में सहयोग करें। इस पर सम्मेलन में सभी उपस्थित लोगों ने अपनी सहमति दी। कार्यक्रम में जिला व तहसील अध्यक्ष चुरामन कतलम, उपाध्यक्ष मुडादार, गोरे लाल ठाकुर, महासचिव धनेश्वर धुर्वे, कोषाध्यक्ष महावीर योगेश्वर ठाकुर, सोनू ठाकुर, उमाशंकर नेताम, संगीत सोरी, शैलेन्द्री ठाकुर, माधुरी ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## बताया योग का महत्व



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पायोनियर कॉन्वेंट स्कूल उतई में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अमित कुमार मिश्रा सहित स्कूल स्टाफ और सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। स्कूल के डायरेक्टर अमित कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को योग की विशेषताएं तथा उसके महत्व को बताया। उन्होंने दैनिक जीवन में योग को अपनाने को कहा। बच्चों के लिए नियमित योगाभ्यास उनके सर्वांगीण विकास में मदद करता है। यह उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, शारीरिक लचीलापन और लंबाई में सुधार करता है, और एकाग्रता व मानसिक शांति को बढ़ावा देता है।

## अशोक राठी लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित



**दुर्ग।** श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के सत्र 2026-2029 के लिए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से हुआ। समाजजनों ने संगठन की एकता, समर्पण और सामाजिक सौहार्द का परिचय देते हुए सभी प्रमुख पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन सुनिश्चित किया।

पंचायत के अध्यक्ष पद पर अशोक राठी लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं। वहीं उपाध्यक्ष और मंदिर समिति अध्यक्ष के रूप में पंकज राठी तथा उपाध्यक्ष पद पर आनंद राठी व दिनेश टावरी निर्वाचित हुए। वहीं नवगठित कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष मुकेश राठी गंजपारा, सचिव डॉ. शंकर दम्मानी, संगठन मंत्री आनंद चांडक, सह सचिव गोपाल राठी, प्रचार प्रसार प्रभारी चंद्रकांत राठी, सांस्कृतिक प्रभारी राकेश चांडक को मनोनीत किए गए। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों व सदस्यों ने नवनिर्वाचित और मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी।

हर आंगन एक पेड़ अभियान का आठवां वर्ष शुरू, हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में हुआ शुभारंभ, हर आंगन वाटर हार्वेस्टिंग से भी जुड़ने का आग्रह

कार्नर न्यूज

# नीम, कटहल, आम और गुलमोहर के पौधे रोपकर 3 साल तक सहेजने 1300 बच्चों ने लिया संकल्प

**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भिलाई-दुर्ग में सार्थक पहल की शुरुआत हुई। आर्टकॉम संस्था का अभियान हर आंगन एक पेड़ के आठवें वर्ष का शुभारंभ हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल से किया गया। संस्था के संस्थापक ने विद्यालय के 1300 छात्र-छात्राओं और 40 शिक्षकों को पर्यावरण व जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ मां के नाम लगाने और अगले तीन वर्षों तक उसकी पूरी देखभाल करने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता ने कहा कि बच्चों का यह संकल्प ही हमारे सुरक्षित भविष्य की नींव है। इस अवसर पर सुबह बच्चों को योग के प्रति जागरुक करने योगाभ्यास भी कराया गया।

### जल संरक्षण पर विशेष जोर

कार्यक्रम में बच्चों से जल संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ता ने कहा कि भूमिगत जल स्तर को बढ़ाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से विद्यालय परिवार से आर्टकॉम के नए अभियान हर आंगन वाटर हार्वेस्टिंग और एक सोखता संतान के नाम से जुड़ने का आग्रह किया गया। इसके बाद विद्यालय परिसर में नीम, पीपल, कटहल, आम और गुलमोहर जैसे जीवनदायी पौधों का रोपण किया गया।







### सामाजिक सरोकार भी जुड़े

कार्यक्रम में नशामुक्त जीवन जीने वाले राजेश अग्रवाल को सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षकों को निशु पाण्डेय द्वारा लिखित व निर्देशित लघु फिल्म सरदारा दिखाई गई। मुख्य पात्र करमजीत सिंह के अभिनय और धन के पीछे अंधाधुंध न भागने के संदेश की सभी ने सराहना की। इस आयोजन में बृजमोहन उपाध्याय, नरेंद्र बंछोर, करमजीत सिंह, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, सुधीर बंसल, कल्पना स्वामी, संगम अग्रवाल, अमिताभ भट्टाचार्य, शारदा गुप्ता, निशु पाण्डेय सहित आर्टकॉम के सदस्य व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कोहका मंगल बाजार क्षेत्र में चरमराई सफाई व्यवस्था

**भिलाई।** कोहका स्थित मंगल बाजार में सफाई व्यवस्था चरामरा गई है। साफ सफाई नहीं होने के चलते चारों ओर गंदगी बजाबजा रही है और बदबू से लोग परेशान हैं। लोगों ने नगर निगम से शीघ्र सफाई की मांग की है। भाजपा प्रदेश संवाद प्रमुख झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ शारदा गुप्ता ने कहा कि कोहका स्थित मंगल बाजार क्षेत्र में इन दिनों अत्यंत खराब सफाई व्यवस्था देखने को मिल रही है। पूरे क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, नालियां बजबजा रही हैं और आसपास के रहवासी दुर्गंध और बीमारियों के खतरे से परेशान हैं। विशेष रूप से पानी टंकी के पास भारी मात्रा में कचरा फैला हुआ है, जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होने के कारण स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कोहका हनुमान मंदिर की पीछे नाली का पानी सड़क पर बह रही है। लोगों का आना-जाना दुभर हो गया है। मांग करने वाले में कन्हैया सोनी, रमेश देशमुख, टिकेंद्र कुमार, अमरेंद्र शर्मा, रवि सिंग, विनोद उपाध्याय, निशु पांडे, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, बृजमोहन उपाध्याय आदि शामिल हैं।

### विद्यार्थियों को निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरित

**दुर्ग।** शिक्षा को बढ़ावा देने विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करने के उद्देश्य से सरबती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट, पेंड्रा द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला चीचा संकुल केन्द्र चीचा के 750 विद्यार्थियों को निःशुल्क शैक्षणिक सामाग्री का वितरण किया। इस अवसर पर बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन, पहाड़ा और कम्पास बॉक्स दिया गया पालकों एवं शिक्षकों ने ट्रस्ट के इस प्रयास की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका यह योगदान शिक्षा और समाज के लिए प्रेरणादायक है। स्कूल के प्राचार्य जीपी देशलहरे, एचएम साहू, टेमरी संकुल के सीएससी दिनेश साहू सहित समस्त शाला परिवार की उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा में हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े ही मान्य, परीक्षा केंद्र में ज्वेलरी, रिंग व चेन पहनकर प्रवेश पर प्रतिबंध, डिजिटल वॉच, जूते-मोजे और हाई हील चप्पलों पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नीट-2026 परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 21 जून को जिले के 19 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को एसओपी का कड़ाई से पालन करते हुए गंभीरता एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा केंद्रों में कानून-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। परीक्षार्थियों को अपरान्ह 1.30 बजे से पहले परीक्षा केंद्र परिसर के अंदर प्रवेश करा दिया जाए, जिले के 19 परीक्षा केंद्रों में कुल 6,939 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न केंद्रों पर ऑब्जर्वर और चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

## नीट-2026 परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### 100 मीटर के दायरे में नहीं चलेंगे कोचिंग सेंटर

परीक्षा को निष्पक्ष, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का कोचिंग सेंटर संचालित नहीं होना चाहिए। वहीं केंद्र परिसर में टेंट, एलईडी या अन्य अनावश्यक व्यवस्थाओं पर भी रोक रहेगी। परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। प्रत्येक केंद्र में दो-दो पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है, जो ग्लूकोज पैकेट, बीपी मशीन और सामान्य दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।



### इस बार प्रवेश के लिए सख्त नियम

परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को केवल प्रवेश पत्र और वैध फोटो पहचान पत्र के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। किसी भी प्रकार का पाउच, ज्वेलरी, अंगूठी, चैन, डिजिटल वॉच, जूते, मोजे, धातुयुक्त वस्तुएं तथा हाई हील चप्पल प्रतिबंधित रहेंगी। केंद्र में प्रवेश केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़ों में ही दिया जाएगा। विद्यार्थियों की पहचान थंब इम्प्रेशन के माध्यम से की जाएगी। प्रवेश पत्र में दिए गए स्लॉट के अनुसार ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा, जिससे सुरक्षा जांच प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### कलेक्टर-एसएससपी ने परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्था की ली जानकारी

कलेक्टर अभिजीत सिंह और एसएसपी विजय अग्रवाल ने शनिवार को री-नीट परीक्षा 2026 के अंतर्गत 21 जून को आयोजित परीक्षा के लिए बनाये गये परीक्षा केन्द्र झाड़ूराम देवांगन बहुउद्देशीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, शासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग और स्वामी आत्मांनद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल खम्हरिया पहुंचकर आवश्यक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर केन्द्राध्यक्षों से चर्चा कर परीक्षा केन्द्रों में फर्नीचर, बिजली, पंखा, साफ-सफाई, पेयजल, वॉशरूम, पार्किंग, दिवाल घड़ी, जनरेटर एवं सीसी कैमरा, साऊंड सिस्टम आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने बारिश को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध करने, परीक्षार्थियों के बैग एवं अन्य सामग्री रखने कक्ष और प्रिस्किनिंग कक्ष की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने शासकीय तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग परीक्षा केन्द्र सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों में भी परीक्षार्थियों को सुगमता से पहुंचने के लिए दिशा सूचक बोर्ड लगाने और स्वामी आत्मानंद स्कूल खम्हरिया में जनरेटर की भी व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि एनटीए के गाइडलाइन के तहत समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। 19 परीक्षा केन्द्र बीएसपी प्रीमियर सेकण्डरी स्कूल सेक्टर-02, बीएसपी सीनियर सेकण्डरी सेक्टर-10, बीएसपी सीनियर सेकण्डरी सेक्टर-07, तिलक कन्या उ.मा. विद्यालय दुर्ग, डीवाइटी स्नातकोत्तर स्वशासकीय महाविद्यालय दुर्ग, पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई, पीएम केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग, स्वामी आत्मानंद जेआरडी बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, स्वामी आत्मानद स्कूल सेक्टर-6 भिलाई, स्वामी आत्मानंद स्कूल दीपक नगर दुर्ग, स्वामी आत्मानंद खम्हरिया, दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई, उ.माध. विद्यालय मरौदा टैंक भिलाई, इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर दुर्ग, कन्या उ.मा. विद्यालय वैशाली नगर दुर्ग, उ.मा. विद्यालय सुपेला भिलाई, स्वामी आत्मानंद स्कूल फरीद नगर कोहका, पीएम श्री केवीबीएमवाई भिलाई तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल रिसाली भिलाई बनाये गये हैं। जिसमें कुल 6939 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# भाजपा की ताकत करोड़ों कार्यकर्ताओं का भरोसा और जनता का विश्वास : उईके

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष कार्यकाल की उपलब्धियां को लेकर बढ़ता भारत बदलता भारत कार्यक्रम के तहत प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन बीआईटी कॉलेज में केंद्रीय जनजातिय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में चिकित्सक, शिक्षाविद, अधिवक्ता, इंजीनियर, हेल्थ एम्पलाइज उपस्थित थे।

आयोजित सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, विधायक ललित चंद्राकर, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महापौर अलका बाघमार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन आदि मौजूद थे। अध्यक्षता





जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने की।

केंद्रीय जनजाति राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि आज हम सभी मोदी सरकार के 12 वर्षों में विश्वास की यात्रा पर चर्चा करने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। वर्ष 2014 में देश की जनता ने पहली बार नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देकर देश सेवा के लिए दिल्ली भेजा था। तब देश ने मोदी सरकार पर भरोसा किया और मोदी जी ने उस भरोसे को अपने परिश्रम से मजबूत किया है। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत करोड़ों कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनता का भरोसा है। वर्ष 2019 में यह विश्वास और अधिक मजबूत होकर सामने आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अपनी सभ्यता, अपने महापुरुषों और अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को केवल इतिहास की पुस्तकों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें जन-जन की चेतना का हिस्सा बनाया। महू से लेकर लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई तक बाबा साहेब के जीवन से जुड़े स्थान आज प्रेरणा के तीर्थ बन चुके हैं।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास, हर घर जल, शौचालय निर्माण, जनधन खातों और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं विश्वगुरु बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। बढ़ता भारत, बदलता भारत प्रदर्शनी के माध्यम से आम जनता को केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों से अवगत कराया जाएगा। यह प्रदर्शनी केवल उपलब्धियों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम भी है। सम्मेलन का संचालन जिला उपाध्यक्ष और कार्यक्रम की जिला संयोजिका सरिता मिश्रा ने और आभार प्रदर्शन पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने किया।

# बोरसी में की गई कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस, प्रभावित परिवारों से मिले अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 50 में कथित रूप से बिना पूर्व सूचना दिए की जा रही तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल कांग्रेसजनों के साथ

- प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाक़ात कर मामले से कराया अवगत



मौके पर पहुंचे तथा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

स्थानीय रहवासियों ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को बताया कि बीते दिनों सुबह लगभग 4 बजे प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और बिना उचित सूचना दिए मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश एवं भय का माहौल है। रहवासियों का आरोप है कि यह कार्रवाई एकपक्षीय एवं जनविरोधी है तथा इसके पीछे राजनीतिक दबाव भी काम कर रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि किसी भी नागरिक को बिना पर्याप्त सूचना, सुनवाई और वैधानिक प्रक्रिया का अवसर दिए उसके आशियाने से बेदखल करना न्यायसंगत नहीं है। प्रशासन का दायित्व जनता को सुरक्षा और न्याय देना है, न कि गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को भयभीत करना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी रही है और वार्ड 50 के प्रभावित परिवारों के साथ भी मजबूती से खड़ी रहेगी। यदि किसी के साथ अन्याय हुआ है तो कांग्रेस उसे न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। एक प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग जिला कलेक्टर से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया तथा मांग की कि प्रभावित परिवारों को सुने बिना किसी प्रकार की एकपक्षीय कार्रवाई न की जाए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह ढिकोला, विजयंत पटेल, ज्ञानदास बंजारे, दीपक साहू, संजय सिंह, लिखन साहू, गुरदीप सिंह भाटिया आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य कर्मियों का 41 साल से 50 रुपए पर अटका रेडिएशन भत्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मियों को जोखिम भत्ता दिए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपने अस्पतालों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों को ग्रेड पे के अनुसार

- कर्मचारी संघ ने जताई नाराजगी

प्रतिमाह जोखिम भत्ता प्रदान करती है, लेकिन प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मी इस सुविधा से वंचित हैं।

चिकित्सकों से लेकर आया, वार्ड बॉय, स्वास्थ्य संयोजक, स्वास्थ्य संयोजिका, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाइजर, एलएचवी, बीईटीओ, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन, लैब सहायक, ड्रेसर और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी प्रतिदिन गंभीर संक्रामक रोगों से पीड़ित मरीजों के सीधे संपर्क में रहते हैं। टीबी, फ्लू, कुष्ठ, डेंगू, मलेरिया सहित अनेक संक्रामक बीमारियों के संक्रमण का खतरा इन कर्मचारियों पर हमेशा बना रहता है। प्रदेश के रेडियोग्राफरों को एक्स-रे मशीनों से निकलने वाले रेडिएशन का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य और परिवार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### 1985 से नहीं बढ़ा रेडियोग्राफरों का भत्ता

वर्तमान में रेडियोग्राफरों को केवल 50 रुपये प्रतिमाह रेडिएशन भत्ता दिया जाता है, जो वर्ष 1985 से अब तक संशोधित नहीं किया गया है। अत्यधिक रेडिएशन के संपर्क में रहने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। केंद्र सरकार के अस्पतालों में 1800 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को 120 रुपये, 1900 ग्रेड पे वालों को 140 रुपये, 2400 से 2800 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को 240 रुपये तथा 4200 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को 300 रुपये प्रतिमाह जोखिम भत्ता दिया जाता है। इसमें नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन, रेडियोग्राफर और अन्य कर्मी शामिल हैं।

### स्वास्थ्य कर्मियों को मिले जोखिम भत्ता

प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा कि प्रदेश में समय-समय पर वेतनमान लागू होने के बावजूद स्वास्थ्य कर्मियों को अन्य आवश्यक भत्तों का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे विसंगतियां पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि संक्रामक बीमारियां केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों में भेद नहीं करतीं, इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत सभी कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मियों को जोखिम भत्ता मिलना उनका वास्तविक अधिकार है। उन्होंने राज्य सरकार से स्वास्थ्य कर्मियों के हित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है।

# तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर में मिले 176 आवेदन, 112 का मौके पर निराकरण

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा मोतीलाल वोरा सभागार में 18 से 20 जून तक आयोजित तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का समापन हुआ। शिविर के समापन अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर अलका बाघमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयुक्त सुमित अग्रवाल, रंजीता पाटिल, ललिता ठाकुर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, प्रकाशचंद थवानी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। समापन समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण) के हितग्राहियों को विधायक रिकेश सेन एवं महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल की उपस्थिति में आवास की चाबियां एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा तीन हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए गए।

### शिविर में 176 आवेदन मिले

तीन दिवसीय शिविर में नगर पालिक निगम दुर्ग के विभिन्न



विभागों, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर निगम भिलाई तथा नगर निगम रिसाली सहित विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों के आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में कुल 176 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 112 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 63 आवेदनों को त्वरित कार्रवाई एवं निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। शिविर के दौरान आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सूर्यघर योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने पंजीयन कराया तथा योजनाओं की विस्तृत जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है।

# रैली निकाल दिया एकजुटता का संदेश

**दुर्ग।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के जन्मदिवस पर शनिवार को राजीव भवन में कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया गया। इससे पहले रैली निकालकर एकजुटता का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में जिले भर से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन उनके आकस्मिक दिल्ली प्रवास के कारण वे उपस्थित नहीं हो सके। उनकी ओर से प्रतिनिधि के रूप में चैतन्य बघेल एवं पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा कार्यक्रम में शामिल हुए और श्री बघेल का शुभकामना संदेश उपस्थित कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया। राकेश ठाकुर का मालवीय नगर चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इसके बाद सैकड़ों दोपहिया वाहनों के साथ विशाल बाइक रैली निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पटेल चौक पहुंची।



मार्ग में कई स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन द्वारा ढोल-नगाड़ों, डीजे और आतिशबाजी के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, चैतन्य बघेल, आशीष वर्मा, शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई शहर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा सहित अन्य शामिल हुए।

## महापौर अलका बाघमार ने किया भूमिपूजन

# जवाहर नगर व सिंधिया नगर में होगा नाली-पुलिया का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के पटरीपार क्षेत्र में विकास को गति देते हुए वार्ड 18 जवाहर नगर एवं वार्ड 21 सिंधिया नगर में लगभग 69

- 69 लाख के कामों की स्वीकृति

लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी एवं वार्ड पार्षद देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर,



वार्ड पार्षद विद्यावती सिंह, पार्षद सुरूचि उमरे, रंजीता पाटिल, जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता सिद्धार्थ साहू, पटरीपार मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा सहित बडी संख्या में वार्ड नागरिक मौजूद रहें।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। बेहतर सड़क, सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निगम लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की मांग और आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को सुविधाजनक एवं बेहतर शहरी वातावरण मिल सके।

वार्ड 21 सिंधिया नगर क्षेत्र में स्ट्रीट क्रमांक 3 के आगे पंप रोड मुकुट नगर में सीसी रोड निर्माण, दुर्गा मंच के चारों ओर सीसी रोड निर्माण, सिंधिया नगर, आशा नगर एवं मुकुट नगर के मुख्य मार्ग में क्रॉसिंग पुलिया एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। इसी प्रकार वार्ड 18 जवाहर नगर में सुलभ शौचालय के पास स्कूल से मुख्य मार्ग तक सीसी रोड निर्माण, औद्योगिक नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में नाली एवं पुलिया निर्माण, वी रोड से सोनी निवास तक नाली निर्माण, आशीर्वाद भवन से मड़रिया निवास तक नाली निर्माण तथा सरदार निवास से मड़रिया निवास तक सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इन कार्यों के पूर्ण होने पर क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा एवं जल निकासी व्यवस्था का लाभ मिलेगा। महापौर ने कहा कि निगम प्रशासन शहर के सभी वार्डों में संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

विश्व योगा दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

15 वर्षों से आपकी सेवा में




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कहीं ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

आयोजन

# विश्व योग दिवस की तैयारी पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विश्व योग दिवस 2026 को समूह में मनाने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में दो दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ शनिवार को हुआ। प्राचार्य पी एल बारले ने गणमान्य से आग्रह किए है स्वस्फूर्त प्रातः विश्व योग दिवस में अपनी सहभागिता करे।योग विशेषज्ञ डॉ गुलाब साहू के मार्गदर्शन में विश्व योग दिवस पर जामगांव आर, सुरपा औरी बोरवाय भरर तवेरा कुम्हली ,नवागांव गबदी आदि के योग प्रेमी सुमधुर भजन के साथ योग करेंगे।

पहल

# समिति ने भेंट किया सिलिंग फैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ब्लॉक अंतर्गत शापूर्वमा शाला गौरव ग्राम अंडा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खोरबाहरा राम निर्मलकर ने अपने पुत्र पुलक निर्मलकर के जन्मदिन के अवसर पर स्कूल को एक सेट सिलिंग फैन दान स्वरूप भेंट किया। खोरबाहरा राम निर्मलकर के इस नेक कार्य की स्कूल स्टाफ, शाला विकास समिति के सदस्यों एवं युवा सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने प्रशंसा की। स्कूल की प्रधानपाठिका विजय लक्ष्मी राव, प्रिंसिपल एस. जाम्बुलकर, सेन, चंद्राकर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सम्मान

# पाटन बीएमओ सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुवनेश्वर कुमार कठौतिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन ओर विकास खंड पाटन मे सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बी ई टी ओ सैय्यद असलम ने बताया कि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुवनेश्वर कुमार कठौतिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट जहां रक्तदान करने विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य किया है। डा भुवनेश्वर कठौतिया ने विकास खंड के रक्तदान को बढ़ावा दिया।

विकास कार्य

# जामुल में पांच लाख से सीसी रोड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/जामुल

नपाप जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने वार्ड 7 में पांच लाख रुपए की लागत से सीसी कार्य का शुभारंभ किया है। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि पालिका क्षेत्र के सभी वार्डो में विकास कार्य तेजी से हो रहा है। जनप्रतिनिधियों के सहयोग व जनता के विश्वास के अनुसार ही विकास कार्य किए जा रहें है। सभी कार्यो की शासकीय प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद धरातल पर उतारा जा रहा है। विकास कार्य आने वाले समय में सबके सामने होगा। इसका सीधा लाभ जामुल क्षेत्र के लोगों को होगा। भूमिपूजन में पार्षद अश्वनी साहू समेत धनसिंह साहू ,जागेश्वर अग्रवाल, लेखराम साहू, मुकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### केमिकल रिसाव से श्रमिक आए चपेट में

**भिलाई।** केमिकल फैक्ट्री में कथित तौर पर खतरनाक केमिकल रिसाव होने का मामला सामने आया है। चपेट में आने वाले तीन दर्जन श्रमिकों को आंखों और चेहरे पर तेज जलन की शिकायत मिली थी। मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई तीन स्थित के केमिकल फैक्ट्री में गैस रिसाव होने से कई श्रमिक इसके चपेट में आए। जिन्हें उपचार के लिए सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में लाया गया था। उपचार के बाद सभी घर लौट गए। रिसाव से आस-पास के रहने वालों को भी त्वचा की समस्या से जुझना पड़ रहा है। शिकायत मिलने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। फैक्ट्री का केमिकल कैसे रिसाव हुआ इसकी जानकारी के लिए जांच किया जा रहा है।

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम चंदखुरी में दबिश देकर संतोषी चौक निवासी पवन निर्मलकर को पकड़ा गया है। युवक के पास से 29 पौवा देशी मदिरा मशाला और शराब बेचे गए नगदी रकम भी जब्त किए गए। जप्त समानों की कीमत 3,100 रुपये आंकी गई है।

## निधन

### उदयराम कौशिक

**दुर्ग।** ग्राम पाउवारा उतई निवासी उदयराम कौशिक (70 वर्ष) का 20 जून शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम पाउवारा के मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### जेपी शर्मा

**भिलाई।** सेवानृवित्त बीएसपी कर्मी जेपी शर्मा (86 वर्ष) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास विवेकानन्द कालोनी शांतिनगर से 21 जून रविवार को 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे संजय शर्मा कर्मचारी नेता नगर निगम व मंजू राय के पिता तथा पप्पू शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, अजय शर्मा के चाचा तथा अनुराग व आदित्य शर्मा के दादा थे।



### निर्मला देवी

**भिलाई।** भिलाई निवासी स्व. समर बहादुर सिंह की धर्मपत्नी निर्मला देवी का 19 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 जून को सुबह 11:30 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे मंजू सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, अंजू सिंह छोड़ गईं।



### सूरज प्रसाद

**दुर्ग।** आर्यनगर निवासी सूरज प्रसाद देवांगन का निधन हो गया। हरनाबांधा मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे मुकेश देवांगन और महेश देवांगन के पिता थे।



## कक्षा पहली, 6वीं व 9वीं के बच्चों को पाठ्यपुस्तक और शाला गणवेश भेंट

# नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मिठाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधायक ललित चंद्राकर ने संकुल केंद्र तिरगा में आयोजित संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होकर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा पहली, कक्षा 6वीं व कक्षा 9वीं के नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और शाला गणवेश प्रदान किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारग संस्कृति कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति दी। साथ ही विभिन्न कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि प्यारे बच्चों, आज से आपके जीवन का नया अध्याय शुरू हो रहा है। खूब मन लगाकर पढ़ाई करना, गुरुजनों का सम्मान करना और बड़े होकर माता-पिता व गांव का नाम रोशन करना। आप सभी देश के भविष्य हैं। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं जैसा आकार देंगे, वैसे ही बनेंगे। उन्होंने सभी पालकों से भी आग्रह किया कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, अच्छे संस्कार भी प्रदान करें। मोबाइल से दूर रखकर खेल और पढ़ाई पर ध्यान दिलाएं।

कार्यक्रम में लिकेश्वर देशमुख, सरपंच धसिया राम देशमुख, पुराण देशमुख, युवराज देशमुख, सांसद प्रतिनिधि भूपेन्द्र बेलचंदन, पूर्व सरपंच भोथली सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल विधायक ललित चंद्राकर



### कुथरेल में प्रवेश उत्सव एवं गणवेश वितरण आयोजित



**अण्डा।** ग्राम कुथरेल के शासकीय विद्यालय में नए शिक्षा सत्र के अवसर पर प्रवेश उत्सव एवं गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच गीता गजपाल और शाला के प्रचार्य विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत उत्साहपूर्वक किया गया और विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश वितरित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। सरपंच गीता गजपाल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पीएम श्री सेजेस कुम्हारी ने एनएमएमएसई परीक्षा में हासिल की उल्लेखनीय सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

पीएम श्री सेजेस कुम्हारी, ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों से जिले का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 एन एम एम एस ई में शानदार प्रदर्शन किया।

■ पायल राजनी पूरे राज्य में प्रथम रही

यहां छात्रा पायल रजनी ने 180 में से 162 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विद्यालय के एक अन्य मेधावी छात्र नैतिक आमड़े ने 180 में से 149 अंक प्राप्त कर राज्य में 7वाँ स्थान प्राप्त किया, जिससे विद्यालय की उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है।



इस वर्ष पीएम श्री सेजेस कुम्हारी के कुल 8 विद्यार्थियों ने एनएमएमएसई परीक्षा में सफलता प्राप्त की, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चयनित विद्यार्थियों में पायल रजनी राज्य रैंक 1 162 अंक नैतिक आमड़े राज्य रैंक 7, 149 अंक इसके अलावा अमूल्य कुमार सिंह, मानवी साहू, अनन्या साहू, लीना साहू, पूर्वी सोनी एवं नीरज कुमार साहू शामिल हैं।

यह उपलब्धि विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विजया श्रीवास्तव एवं मध्य विद्यालय की प्रधान पाठिका शीतल नय्यर (गणित) के कुशल नेतृत्व में संभव हो सकी। इसके अलावा इन सफल विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण जिन शिक्षकों ने दिया उनमे सुजीथा सी. आर. एनएमएमएसई प्रभारी (सामाजिक विज्ञान) एन. संतोषप्रिया विज्ञान मनीष कुमार मेश्राम (मेट), समीरा पांडेय विज्ञान, लीना सिंह, ऋतु राव शामिल हैं, साथ ही पूर्व प्राचार्य लता रघुकुमार द्वारा प्रदान किए गए विशेष मार्गदर्शन एवं प्रेरणा ने भी इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### मनाया गया प्रवेश उत्सव

**जामगांव आर।** ग्राम भरर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला कांन्फ्रेस हाल में बाल देवो भवः को चरितार्थ करते हुए मां सरस्वती की आराधना के साथ नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया। प्राथमिक पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक के छात्र छात्राओं का मुंह मीठा कराया।

# परियोजना स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत थनौद के अटल समरसता भवन प्रांगण में परियोजना स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी आर के जांबुलकर एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू एवं विशेष अतिथि जनपद सदस्य संगीता साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेनका देशमुख ने की। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्प लाइन से चंद्रप्रकाश पटेल एवं आईसीपीएस शाखा से जया चंद्राकर उपस्थित रही। उन्होंने चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 एवं बच्चो एवं महिलाओं की सुरक्षा की जानकारी दी। दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी उषा झा ने विभागीय जानकारी के साथ बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की चर्चा की। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओ को पोषण किट प्रदान कर गोदभराई कार्यक्रम कराया गया एवं 06 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। संजना खरे ने बेटी हमारी अनमोल हैं पर नृत्य प्रस्तुति तथा आंगनबाड़ी के बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य व बालगीत प्रस्तुत किया। 25 बालिकाओं को सेनिटरी पेड वितरित किया गया। आंगनबाड़ी के 30 बच्चो को पानी बॉटल, कलर पेंसिल एवं पेन सेट वितरित किया गया। परियोजना दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक गीतांजली भैंसारें ने बालिकाओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता एवं खान पान का ध्यान रखने की सलाह दी।

# लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, रोष बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंडा सहित आसपास के गांवों में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी समस्या को लेकर ग्राम पंचायत अंडा के सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने ग्रामवासियों और आसपास के ग्रामीणों के साथ मिलकर गांधी नगर अंडा स्थित बिजली कार्यालय पहुंचकर अपनी पीड़ा जाहिर की। इस दौरान सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने बिजली विभाग के एई (सहायक अभियंता) से फोन पर चर्चा कर लगातार हो रही बिजली कटौती के संबंध में जानकारी ली। एई ने बताया कि बारिश के मौसम और तकनीकी कारणों के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है।

इस पर सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने कहा कि लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी और उमस के बीच लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विभाग से मांग की कि जो भी तकनीकी समस्या है, उसका जल्द समाधान किया जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने इस दिशा में तत्काल पहल करने की मांग की।

■ सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने बिजली विभाग से मांगी राहत

# स्टेपनी टायर के भीतर से गांजा तस्करी तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिकअप वाहन के स्टेपनी दो टायरों के भीतर गांजा छिपाकर तस्करी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पिकअप वाहन सीजी 07 सीजेड 8442 के वाहन को चेकिंग के लिए घासीदास नगर जामुपल के मैदान में रोका गया। चेकिंग करने पर स्टेपनी के टायरों में गांजा बरामद हुआ। युवकों के बारे में पूछताछ करने पर अपना नाम बागडूमर नंदिनी निवासी आकाश जांगड़े, टल आवास बीजे-2120, घासीदास नगर मुकेश कुमार सेन, साडा क्वार्टर 5, ब्लॉक-डी, घासीदास नगर जामुल टिकेश्वर यादव बताया है। वाहन से 15 किलो गांजा की कीमत 7.50 लाख रुपए का, चार मोबाइल, पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। जामुल पुलिस ने वाहन की तलाशी करते समय प्लास्टिक कैरेट के बीच दो स्टेपनी टायर मिला। जिसे देखने पर पुलिस ने ऑटो मिस्त्री की सहायता से टायरों को खुलवाकर जांच की गई। जिसमें एक टायर में 16 पैकेट और दूसरे में 15 पैकेट 15 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। कीमत 17.72 लाख आंकी गई है।




घासीदास नगर में घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

## बिजनेस साइट

### अतुल ऑटो में हर ऑटो की खरीदी पर एलईडी टीवी उपहार



**भिलाई।** शहर के व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अब भिलाई में भी अतुल ऑटो के आधुनिक और दमदार कमर्शियल वाहन उपलब्ध हो गए हैं। सुपेला रोड स्थित गीता मोटर्स को अतुल ऑटो का अधिकृत विक्रेता बनाया गया है, जहां डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक मॉडल्स की विस्तृत रेंज ग्राहकों के लिए पेश की जा रही है। गीता मोटर्स द्वारा लॉन्च किए गए इन वाहनों में इलेक्ट्रिक और पारंपरिक दोनों प्रकार के मॉडल शामिल हैं, जो व्यापार को नई ऊंचाइयां देने में सक्षम बताए जा रहे हैं। कंपनी ने बढ़ती ईंधन कीमतों और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों पर विशेष फोकस किया है। कंपनी के अनुसार यह वाहन लगभग 207 किलोमीटर तक का इंटरसिटी माइलेज देने में सक्षम है। साथ ही इसकी बैटरी केवल 6 घंटे में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है। अतुल ऑटो में हर ऑटो की खरीदी पर एलईडी टीवी उपहार स्वरूप दिया जाएगा। वाहन में ड्राइवर और यात्रियों के लिए अधिक स्पेस दिया गया है, जिससे सफर आरामदायक बनता है। गीता मोटर्स में कार्गो और सवारी दोनों प्रकार की गाड़ियां उपलब्ध हैं। इनमें अतुल जेमी, अतुल शक्ति डीजल कार्गो, अतुल रिक प्लस, अतुल स्मार्ट कार्गो सीएनजी और अतुल जेम जैसे मॉडल शामिल हैं। कंपनी ने अपने वाहनों में 435 सीसी एयर कूल इंजन का विकल्प भी उपलब्ध कराया है। साथ ही पुली वाले साधारण इंजन में भी वाहन उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है। व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि अतुल के इन वाहनों की उपलब्धता से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में छोटे और मध्यम व्यापारियों को काफी फायदा मिलेगा। इच्छुक ग्राहक गीता मोटर्स, लक्ष्मी मार्केट के सामने, सुपेला रोड, भिलाई में संपर्क कर सकते हैं।

# रात्रिकालीन क्रिकेट में बटरेल टीम विजेता

**जामगांव आर।** नवागांव बी में पांच दिवसीय ग्रामीण स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण पर मुख्य अतिथि चंद्रभान साहू पूर्व सरपंच थे। अध्यक्षता भीषम कुमार साहू रोजगार सहायक ने की। विशेष अतिथि अलीम खान (सिविल ठेकेदार), रेवाराम मंडल, महेन्द्र मंडल, कुन्दन सिन्हा, युवराज मंडल और संतोष यादव मंचासिन रहे। मुख्यअतिथि चंद्रभान साहू ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत- हार का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का प्रतीक है। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम बटरेल, द्वितीय रिसामा और तृतीय खमहरिया रहे! आयोजन में योगेश साहू, भोजकुमार ठाकुर, राहुल साहू, रमेश कुमार, उमेश यादव ,जयंत साहू, ऐनु यादव,जीतू साहू, थामेश्वर साहू, रिंकू साहू, शौर्य कुमार, लक्की, मनीष कुमार, वासु, पंकज, ऋतिक, टुकटुक, सुर्यांश, गोपाल ठाकर, अभिषेक सेन, संदीप आठे, नागेंद्र कुमार, खिलेश्वर साहू, दुर्गेश साहू, सुभाष साहू, गुमान साहू और निलेश साहू सहित ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# Happy फादर्स डे



## पिताः जीवन की सबसे मजबूत नींव और अनमोल प्रेरणा

हर व्यक्ति के जीवन में पिता का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पिता केवल परिवार के मुखिया नहीं होते, बल्कि वे अपने बच्चों के पहले शिक्षक, मार्गदर्शक, संरक्षक और प्रेरणास्रोत भी होते हैं। उनकी मेहनत, त्याग और संघर्ष परिवार की खुशियों का आधार बनते हैं। पिता के इसी समर्पण और योगदान को सम्मान देने के लिए दुनिया भर में फादर्स डे मनाया जाता है। यह दिन हमें अपने पिता के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।













## फादर्स डे का महत्व



फादर्स डे केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि पिता के अथक परिश्रम और त्याग को याद करने का दिन है। पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए बच्चों को जीवन के मूल्यों, अनुशासन और संघर्ष का महत्व सिखाते हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर हम अपने पिता के योगदान को शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाते। फादर्स डे हमें यह अवसर देता है कि हम अपने पिता को धन्यवाद कह सकें और उन्हें यह महसूस करा सकें कि उनका प्रेम और त्याग हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है।

## पिताः परिवार की मजबूत ढाल

पिता परिवार की वह मजबूत ढाल होते हैं जो हर कठिन परिस्थिति में अपने बच्चों और परिवार की रक्षा करते हैं। वे अपने सपनों और इच्छाओं का त्याग कर बच्चों के सपनों को पूरा करने में जुटे रहते हैं। बच्चों की शिक्षा, करियर और बेहतर जीवन के लिए पिता अनेक चुनौतियों का सामना करते हैं, लेकिन कभी शिकायत नहीं करते।



## समाज में पिता की बदलती भूमिका

समय के साथ पिता की भूमिका में भी बदलाव आया है। आज के पिता केवल आर्थिक जिम्मेदारियां निभाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे बच्चों की शिक्षा, खेल, मानसिक विकास और भावनात्मक जरूरतों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। आधुनिक पिता अपने बच्चों के मित्र, सलाहकार और सहयोगी के रूप में भी उभर रहे हैं।

पिता का व्यक्तित्व बच्चों के जीवन को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उनके अनुभव और सीख बच्चों को सही निर्णय लेने में मदद करते हैं। पिता अपने बच्चों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और संघर्ष करने की क्षमता विकसित करते हैं।



## फादर्स डे कैसे मनाया जाता है

फादर्स डे के अवसर पर लोग अपने पिता को उपहार देकर, शुभकामनाएं देकर या उनके साथ समय बिताकर अपना प्रेम व्यक्त करते हैं। कई लोग अपने पिता के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हैं। बच्चों द्वारा बनाए गए कार्ड, छोटी-छोटी सरप्राइज और धन्यवाद के शब्द भी पिता के लिए सबसे बड़ा उपहार साबित होते हैं।

## पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता

पिता का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनके प्रति आदर, प्रेम और सम्मान जीवनभर बना रहना चाहिए। उनके अनुभवों से सीखना, उनकी भावनाओं का सम्मान करना और उनके साथ समय बिताना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है।

पिता परिवार की वह मजबूत नींव हैं, जिन पर पूरे परिवार का भविष्य टिका होता है। उनका त्याग, संघर्ष और निस्वार्थ प्रेम जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

फादर्स डे हमें उनके योगदान को याद करने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर देता है।

आइए, इस अवसर पर हम अपने पिता को सम्मान दें और उनके जीवन में खुशियों के कुछ अनमोल पल जोड़ें।







